पुराने नियम के भविष्यद्वक्ता

हिंदी अनुवादक:
पादरी विजय पाल सिंह

पाठ 3 अक्टूबर 17, 2026 के लिए

« “यहोशापात ने खड़े होकर कहा, “हे यहूदियो, हे यरूशलेम के निवासियो, मेरी सुनो, अपने परमेश्वर यहोवा पर विश्वास रखो, तब तुम स्थिर रहोगे; उसके नबियों की प्रतीति करो, तब तुम कृतार्थ हो जाओगे।” »

(2 इतिहास 20:20)

पुराने नियम के समय में, जो लोग दूसरों तक पहुँचाने के लिए परमेश्वर से सन्देश प्राप्त करते थे, उन्हें दर्शी या भविष्यद्वक्ता कहा जाता था (1 शमूएल 9:9)

उन्हें छिपी हुई बातों को जानने की क्षमता थी, यहाँ तक कि उन बातों को भी जो भविष्य में होने वाली थीं (1 शमूएल 9:6), लेकिन उनका कार्य केवल इतना ही सीमित नहीं था; इसमें इससे कहीं अधिक बातें सम्मिलित थीं। निश्चय ही, यह क्षमता उन्हें स्वयं से नहीं, बल्कि परमेश्वर से प्राप्त होती थी

लेकिन झूठे भविष्यद्वक्ता भी थे, जो "अपने ही मन" की बातें कहते थे (यिर्मयाह 23:16)

- भविष्यद्वक्ता की सेवकाई के लिए किन्हें बुलाया गया था?
- भविष्यद्वक्ता किस प्रकार व्यवहार करते थे?
- भविष्यद्वक्ताओं ने कौन-सा कार्य किया?
- किन महिलाओं के पास भविष्यद्वाणी का वरदान था?
- झूठे भविष्यद्वक्ताओं में कौन-सी विशेषताएँ थीं?

भविष्यद्वक्ता की सेवकाई के लिए किन्हें बुलाया गया था?

“एलिय्याह भी तो हमारे समान दुःख–सुख भोगी मनुष्य था; और उसने गिड़गिड़ाकर प्रार्थना की कि मेंह न बरसे; और साढ़े तीन वर्ष तक भूमि पर मेंह नहीं बरसा।” (याकूब 5:17)

हम इस गलत धारणा में पड़ सकते हैं कि भविष्यद्वक्ता “महामानव” थे। लेकिन मूसा ने यह कहकर अपनी असमर्थता जताई कि वह बोलने में धीमा है (निर्गमन 4:10); यशायाह ने कहा कि उसके होंठ अशुद्ध हैं (यशायाह 6:5); यिर्मयाह ने सोचा कि वह उस कार्य के लिए बहुत छोटा है (यिर्मयाह 1:6)

एलिय्याह, जिसने राजा अहाब की अधर्मता के कारण उसके सामने भयंकर सूखे की घोषणा करने का साहस किया था, उसके बारे में कहा गया है: “वह भी हमारे समान मनुष्य था” (याकूब 5:17)

एक महान आश्चर्यकर्म करने के बाद, रानी ईज़ेबेल द्वारा अपनी मृत्यु की धमकी दिए जाने पर एलिय्याह पूरी तरह टूट गया (1 राजा 19:2-4)

यह स्पष्ट है कि परमेश्वर अपने भविष्यद्वक्ताओं को इसलिए नहीं चुनता कि वे सिद्ध होते हैं। वह उनमें क्या देखता है? परमेश्वर के प्रति उनका प्रेम और उसकी आज्ञा मानने की उनकी इच्छा



भविष्यद्वक्ता किस प्रकार व्यवहार करते थे?

"मीकायाह ने कहा, "यहोवा के जीवन की शपथ जो कुछ यहोवा मुझ से कहे, वही मैं कहूँगा।'" (1 राजाओं 22:14)

परमेश्वर के प्रवक्ताओं के रूप में, भविष्यद्वक्ता और भविष्यद्वक्तिनियाँ अपनी बुलाहट के अनुरूप जीवन जीने का प्रयास करते थे (1 शमूएल 12:3-4)। लोग उन्हें "परमेश्वर का जन," "प्रतिष्ठित पुरुष" के रूप में जानते थे (1 शमूएल 9:6)

जिन लोगों ने उनके सन्देश को स्वीकार करने से इनकार किया, वे उनसे घृणा करते थे और उन्हें धमकाते थे (1 राजा 22:8, 27)। लेकिन जिन दबावों का उन्होंने सामना किया, उनके बावजूद भविष्यद्वक्ता विश्वासयोग्यता से अपना सन्देश सुनाते रहे

मीकायाह दो राजाओं, 400 भविष्यद्वक्ताओं, जिन्होंने अनुकूल सन्देश दिया था, और एक अंगरक्षक के सामने उपस्थित हुआ, जिसने उसे परिस्थिति के अनुसार अपने सन्देश को बदलने की सलाह दी (1 राजा 22:10-13)। लेकिन वह अपने स्थान पर दृढ़ रहा और परमेश्वर द्वारा प्रकट की गई बात के अतिरिक्त कुछ भी कहने से इनकार कर दिया (1 राजा 22:14)

वे सिद्ध नहीं थे, लेकिन वे प्रार्थना करने वाले स्त्री-पुरुष, वचन के प्रति विश्वासयोग्य और परमेश्वर तथा उसके लोगों के सेवक थे (1 शमूएल 12:23; यिर्मयाह 42:4)

भविष्यद्वक्ताओं ने कौन-सा कार्य किया?

"और इस्राएल का राजा होने को निमशी के पोते येहू का, और अपने स्थान पर नबी होने के लिये आबेलमहोला के शापात के पुत्र एलीशा का अभिषेक करना।" (1 राजाओं 19:16)

अन्य कार्यों के साथ-साथ, भविष्यद्वक्ताओं ने ये कार्य भी किए:

राजाओं के साथ

- उन्होंने उनका अभिषेक किया (1 राजा 19:16)
- जब उन्होंने अच्छा कार्य किया, तो उन्होंने उन्हें प्रोत्साहित किया (2 इतिहास 15:8)
- जब उन्होंने गलत कार्य किया, तो उन्होंने उनका सामना किया (1 राजा 21:20)

याजकों के साथ

- जब उन्होंने गलत कार्य किया, तो उन्होंने उनका सामना किया (मलाकी 2:1-2)

लोगों के साथ

- उन्होंने उन्हें परमेश्वर के मार्गों की शिक्षा दी (मीका 6:8)
- उन्होंने उनके पाप को उनके सामने प्रकट किया (यशायाह 58:1)
- उन्होंने उन्हें पश्चाताप करने के लिए बुलाया (यहेजकेल 18:32)

हमारे साथ

- उन्होंने अपने सन्देशों को लिखित रूप में रखा (2 इतिहास 13:22)

किन महिलाओं के पास भविष्यद्वाणी का वरदान था?

"उस समय लप्पीदोत की स्त्री दबोरा, जो नबिया थी, इस्राएलियों का न्याय करती थी।" (न्यायियों 4:4)

पुराने नियम में पाँच महिला भविष्यद्वक्तिनियों का उल्लेख मिलता है। उनमें से एक, नोअद्याह, झूठी भविष्यद्वक्तिनी थी (नहेम्याह 6:14)। एक अन्य, यशायाह की पत्नी के विषय में, हम निश्चित रूप से नहीं जानते कि उसे भविष्यद्वक्तिनी इसलिए कहा गया क्योंकि उसके पास यह वरदान था, या इसलिए कि वह भविष्यद्वक्ता की पत्नी थी (यशायाह 8:3)

मरियम। भविष्यद्वक्तिनी के रूप में, लाल सागर पार करने के बाद उसने स्त्रियों का गीत में नेतृत्व किया। उसने अपने भाइयों को जंगल में यात्रा के दौरान लोगों का नेतृत्व करने में भी सहायता की (निर्गमन 15:20; मीका 6:4)

दबोरा। उसने भविष्यद्वक्तिनी और न्यायी, दोनों पदों पर कार्य किया और बाराक के साथ सीसरा के विरुद्ध युद्ध में लोगों का नेतृत्व किया। विजय के बाद उसने भविष्यद्वाणी का स्तुति-गीत गाया (न्यायियों 4:4-9; 5:1)

हुल्दा। योशिय्याह ने उससे उस व्यवस्था की पुस्तक के विषय में परामर्श किया जो मिली थी। राजा के प्रश्न का उत्तर देने के साथ-साथ, उसने उससे प्रोत्साहन के शब्द भी कहे (2 राजा 22:14-20)

झूठे भविष्यद्वक्ताओं में कौन-सी विशेषताएँ थीं?

“तब यहोवा ने मुझ से कहा, “ये भविष्यद्वक्ता मेरा नाम लेकर झूठी भविष्यद्वाणी करते हैं, मैं ने उनको न तो भेजा और न कुछ आज्ञा दी और न उनसे कोई भी बात कही। वे तुम लोगों से दर्शन का झूठा दावा करके अपने ही मन से व्यर्थ और धोखे की भविष्यद्वाणी करते हैं।’” (यिर्मयाह 14:14)

जो लोग भविष्यद्वाणी करते थे, उनमें से सभी ऐसा इसलिए नहीं करते थे कि उन्हें परमेश्वर से कोई सन्देश मिला था (यिर्मयाह 14:14)। उनका सन्देश क्या था, और उन्होंने उसे क्यों सुनाया?

उन्होंने अपनी स्वयं की भविष्यद्वाणियाँ गढ़ीं (यहेजकेल 13:2, 17)

उन्होंने वही कहा जो लोग सुनना चाहते थे (यहेजकेल 13:16)

उन्होंने पाप के विरुद्ध आवाज नहीं उठाई (यहेजकेल 13:22)

वे व्यक्तिगत लाभ की खोज में थे (यहेजकेल 13:19)

जब कोई व्यक्ति जानता है कि यह सच नहीं है, फिर भी वह परमेश्वर की ओर से बोलने का दावा क्यों करेगा? क्या यह आत्म-छल है? क्या यह पहचान या सम्मान पाने की इच्छा, या आर्थिक अथवा किसी अन्य लाभ की चाह है?

झूठे भविष्यद्वक्ताओं के बारे में सबसे दुखद बात यह है कि ऐसे लोग भी हैं जो उनकी बातें सुनते और उनका अनुसरण करते हैं। उन्हें उनकी बातें अच्छी लगती हैं, क्योंकि उनमें किसी प्रयास की आवश्यकता नहीं होती और उनका विवेक भी नहीं जागता। लेकिन उनके मार्ग पर चलना केवल मृत्यु की ओर ले जाता है

सच्चा भविष्यद्वक्ता हमेशा पाप के खतरों के बारे में चेतावनी देता है और लोगों को परिणामों की परवाह किए बिना विश्वासयोग्य बने रहने के लिए प्रोत्साहित करता है

“न तो प्रेरितों और न ही भविष्यद्वक्ताओं में से किसी ने कभी यह दावा किया कि वे पापरहित हैं। जो मनुष्य परमेश्वर के सबसे निकट रहे हैं, जो जानबूझकर गलत कार्य करने की अपेक्षा अपना जीवन तक बलिदान कर देते, जिन्हें परमेश्वर ने दिव्य प्रकाश और सामर्थ्य से सम्मानित किया, उन्होंने अपने स्वभाव की पापमयता को स्वीकार किया है। उन्होंने शरीर पर कोई भरोसा नहीं रखा, अपनी स्वयं की धार्मिकता का कोई दावा नहीं किया, बल्कि पूरी तरह मसीह की धार्मिकता पर भरोसा रखा।”

ई जी व्हाइट (प्रेरितों के काम, पृष्ठ 561)

परिशिष्ट: एलेन जी. व्हाइट की भविष्यद्वक्ता के रूप में बुलाहट



अपने पहले दर्शन के बाद, एलेन को लगा कि वह अपनी भविष्यद्वाणी की सेवकाई को पूरा करने के लिए तैयार नहीं थी। खराब स्वास्थ्य और सीमित शिक्षा के कारण, 17 वर्षीय एलेन स्वयं को अपनी बुलाहट को पूरा करने के लिए अयोग्य और असमर्थ महसूस करती थी

अपने पहले दर्शन के एक सप्ताह बाद, उसे दूसरा दर्शन हुआ, जिसमें उसे उन चुनौतियों के बारे में चेतावनी दी गई जिनका उसे सामना करना था। बहुत प्रार्थना करने और अपने कुछ भाई-बहनों से प्रोत्साहन मिलने के बाद, एलेन ने अंततः अपनी बुलाहट को स्वीकार कर लिया

बीस वर्ष से भी कम समय में, अनेक दर्शन प्राप्त करने और अपने पति—जेम्स व्हाइट—के सहयोग से, उसने सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट कलीसिया की नींव रखने में सहायता की, जिसकी आधिकारिक स्थापना 1863 में हुई

उसकी सेवकाई एडवेंटिस्ट स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्थाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण रही, और वह लगभग 100,000 पृष्ठों के प्रेरित लेखन पीछे छोड़ गई, जो आज भी पूरे संसार में परमेश्वर की ओर से दिए गए निर्देशों को पहुँचाते हैं